**अनुक्रमांक.________________**

**व्यापार चिह्न एजेंट परीक्षा, 2025**

**[व्यापार चिह्न नियम, 2017 के नियम 148 के अधीन]**

**<u>प्रश्नपत्र – II</u>**

**अवधि: तीन घंटे** **पूर्णांक: 100**

**निर्देश:**

1. *इस पेपर के 3 भाग हैं और भाग A, B और C के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*
2. *अभ्यर्थियों उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें ।*
3. *अभ्यर्थियों परीक्षा के लिए केवल नीले या काले बॉल प्वाइंट पेन का प्रयोग करें।*
4. *परीक्षा के दौरान किसी भी तकनीकी/वैधानिक मामले पर कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया जाएगा।*
5. *कोई नकारात्मक मूल्यांकन नहीं है।*
6. *'अधिनियम' और 'नियम' के सभी संदर्भों को क्रमशः व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 और व्यापार चिह्न नियम, 2017 यथा संशोधित के रूप में पढ़ा जाए, जैसा कि आज तक संशोधित किया गया है।*
7. *परीक्षा हॉल के अंदर किसी भी प्रकार की अध्ययन सामग्री और/या इलेक्ट्रॉनिक गैजेट रखना और/या किसी भी तरह से अन्य उम्मीदवारों के साथ चर्चा करना सख्त निषिद्ध है।*
8. *किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा हॉल छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी (i) एक घंटा पूरा किए बिना (ii) उपस्थिति पत्र पर हस्ताक्षर किए बिना; (iii) निरीक्षक को अपनी उत्तर पुस्तिका ठीक से सौंपे बिना।*
9. *यदि कोई अभ्यर्थी निर्धारित समय से पहले परीक्षा हॉल छोड़ना चाहता है तो वह निरीक्षक की अनुमति से प्रश्नपत्र जमा करके भी जा सकता है।*
10. *परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा हॉल में बैठे रहने वाले अभ्यर्थी अपना प्रश्नपत्र अपने साथ ले जा सकते हैं।*

***<u>भाग – A</u>***

***सभी छः प्रश्नों के उत्तर दें*** **(6 x 5 = 30)**

1. एक व्यापार चिह्न स्वत्वधारी, जिसका व्यापार चिह्न वर्ग 30 में 'Anmol' (शब्द चिह्न) हाल ही में व्यापार चिह्न जर्नल में प्रकाशित हुआ है, वह आपके पास व्यापार चिह्न रजिस्ट्रार द्वारा उसे दिए गए विरोध नोटिस की एक प्रति के साथ आया है। स्वत्वधारी अपने पिछले एजेंट को बदलना चाहता है और आपसे अनुरोध करता है कि आप रजिस्ट्रार के समक्ष आगे की कार्यवाही का प्रभार संभालें। आप आवश्यक दस्तावेज, निर्धारित प्रपत्र, निर्धारित शुल्क और समयसीमा आदि के बारे में स्वत्वधारी को कैसे सूचित करेंगे? तदनुसार, व्यापार चिह्न रजिस्ट्रार के समक्ष स्वत्वधारी की ओर से आपकी अगली कार्रवाई क्या होगी?

2. गुजरात राज्य की एक 'स्टार्टअप' इकाई आपसे वर्ग 30 में व्यापार चिह्न आवेदन दाखिल करने की अपनी इच्छा के बारे में पूछती है। वे इस उद्देश्य के लिए आपको अपना एजेंट भी नियुक्त करना चाहते हैं। आप उन्हें आवश्यक दस्तावेज़, निर्धारित प्रपत्र और शुल्क, आवेदन दाखिल करने का तरीका (mode of filing) और व्यापार चिह्न रजिस्ट्री के उपयुक्त कार्यालय आदि के बारे में कैसे समझाएँगे?

3. आपके ग्राहक को उनके व्यापार चिह्न "QuickFit" (वर्ड मार्क) के लिए वर्ग 25 में एक परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त हुई है, जो प्रस्तावित उपयोग के आधार पर उनके द्वारा 1 मई 2024 को 'वस्त्र' (Clothing) के लिए आवेदन किया गया था। रजिस्ट्रार ने अधिनियम की धारा 11 के तहत मोज़ों (Socks) के लिए व्यापार चिह्न "Quickfoot" का हवाला देते हुए आपत्ति उठाई है, जिसे 9 अप्रैल 1999 को दाखिल किया गया था और दावा किया गया था कि इसका उपयोग 1 अप्रैल 1999 से किया जा रहा है और अंततः 10 सितंबर 2001 को पंजीकृत किया गया था। आपके विचार से परीक्षण रिपोर्ट के उत्तर में कौन से संभावित आधार प्रस्तुत किए जा सकते हैं? अपने मुवक्किल के लिए सभी संभावित आधारों की कल्पना कर लें। आप इस विषय पर प्रासंगिक केस लॉं का उद्धरण करने के लिए स्वतंत्र हैं।

4. वाराणसी, उत्तर प्रदेश से श्री सीमांत, भारत में व्यापार चिह्न आवेदन दाखिल करने के लिए आपके पास आते हैं। वह आपको बताते हैं कि वह कानून का पालन करने वाले व्यक्ति हैं, पेशे से वकील हैं और भारत में न्यायपालिका के प्रति उनका बहुत सम्मान है। उन्होंने आगे बताया कि वे पृष्ठभूमि में भारत के सर्वोच्च न्यायालय के चित्रात्मक चित्रण के साथ अपना स्वयं का फोटोग्राफ एक व्यापार चिह्न के रूप में पंजीकृत कराना चाहते हैं, जिसके माध्यम से वे कानूनी परामर्श सेवाएं प्रदान करना चाहते हैं। प्रस्तावित व्यापार चिह्न की पंजीकरण योग्यता के बारे में आप अपने मुवक्किल को क्या सलाह देंगे? अपनी सलाह को लागू विधान के साथ समर्थन करें।

5. मुंबई की सुश्री दृष्टि, ताज़ी मूंगफली और भुनी हुई मूंगफली की निर्माता और व्यापारी हैं। वह 20 अप्रैल 2018 से मुंबई में इन माल का खुदरा स्टोर भी चला रही हैं। वर्ष 2021 में कोविड-19 महामारी के दौरान उन्होंने विभिन्न ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपने उत्पाद बेचना भी शुरू कर दिया था। वह उचित वर्गों में अपने व्यापार चिह्न आवेदन दाखिल करने के लिए आपकी सलाह चाहती है। दाखिल किए जाने वाले आवेदनों की संख्या, विभिन्न वर्गों के लिए आवेदन, आवेदन दाखिल करने के लिए निर्धारित प्रपत्र और शुल्क (ऑनलाइन और ऑफलाइन) के बारे में आप उन्हें क्या सलाह देंगे?

6. रजिस्टर के 'परिशोधन' (Rectification) से आपका क्या तात्पर्य है? परिशोधन के आधार के रूप में 'प्रयोग न होने के आधार' (Non-use) की व्याख्या करें। अपने उत्तर को प्रासंगिक वैधानिक प्रावधानों के साथ समर्थित करें।

**_भाग – B_**

***सभी चार प्रश्नों के उत्तर दें*** **(4 x 10 = 40)**

7. व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 के तहत इंकारी (Refusal) के विभिन्न आधारों पर चर्चा करें। आपके विचार से व्यापार चिह्न रजिस्ट्रार के समक्ष कार्यवाही में 'दुर्भावना' (Bad faith) किस हद तक हमले या बचाव का आधार हो सकती है?

8. उत्तर प्रदेश राज्य के कानपुर निवासी श्री रामदीन को कानपुर में 'मातादीन एंड कंपनी' ('Matadeen & Co.') के रूप में खुदरा कपड़ा दुकान व्यापार का व्यवसाय विरासत में मिला था, जिसे उनके पिता स्वर्गीय श्री मातादीन ने स्थापित किया था और जो वे 6 दिसंबर 1964 से लगातार चला रहे थे। श्री रामदीन, अपने माता-पिता के एकमात्र संतान थे, दुर्भाग्य से वर्ष 2023 में एक कार दुर्घटना में उनके माता-पिता दोनों की मृत्यु हो गई। वह आपसे संपर्क करता है और चाहता है कि ट्रेड नाम 'मातादीन एंड कंपनी' उसके नाम पर व्यापार चिह्न के रूप में पंजीकृत हो।

   व्यापार चिह्न नियम, 2017 के नियम 25 की आवश्यकताओं के अनुसार अपने मुवक्किल के लिए एक 'उपयोगकर्ता शपथपत्र'' का मसौदा तैयार करें। साथ ही, सहायक दस्तावेजों के प्रासंगिक अनुलग्नकों का उद्धरण करें, जो आपके अनुसार उपयोगकर्ता होने के उसके दावे को साबित करने में उपयोगी हो सकते हैं।

9. व्यापार चिह्न के 'समनुदेशन' (Assignment) से आपका क्या तात्पर्य है? दिल्ली निवासी एवं व्यवसायी श्री गोपाल दास आपसे भारतीय व्यापार चिह्न पंजीकरण संख्या XXX123 और YYY456, जो दोनों वर्ग 24 में है, के परवर्ती स्वत्वधारी (Subsequent proprietor) के रूप में व्यापार चिह्न रजिस्टर में अपना नाम दर्ज कराने के लिए संपर्क करते हैं। उक्त व्यापार चिह्न श्री एलेक्स पार्कर के नाम पर पंजीकृत हैं, जो एक ब्रिटिश नागरिक हैं और लंदन में रहते हैं। श्री पार्कर ने 11.12.2024 को लंदन में बनाए गए समनुदेशन विलेख (Deed of assignment) के माध्यम से श्री गोपालदास को ये व्यापार चिह्न समनुदेशित किये।

   अपने मुवक्किल को निर्धारित प्रपत्र, कुल निर्धारित शुल्क, दाखिल करने की लागत प्रभावी विधि (Cost effective mode), स्टाम्प शुल्क भुगतान और आवश्यक सहायक दस्तावेजों के बारे में सुझाव दें, जो भारत में व्यापार चिह्न रजिस्ट्रार के समक्ष प्रक्रिया अनुसार आवश्यक हो सकते हैं।

10. चेन्नई की 'एक स्वामित्व' वाली फर्म मेसर्स गिरीश एंड संस के पास भारत में आवेदन संख्या 18XXXX के तहत एक पंजीकृत व्यापार चिह्न है, जिसने रजिस्टर पर अपने पहले 10 साल पूरे कर लिए हैं और 28 जुलाई 2024 तक वैध है। हालांकि स्वत्वधारी को रजिस्ट्रार से समय पर O-3 नोटिस प्राप्त हो गया, लेकिन वह अपने व्यापार चिह्न को नवीनीकृत करने की समय सीमा से चूक गया। अब उसने 24 दिसंबर 2024 को आपसे अपने व्यापार चिह्न को नवीनीकृत करने में मदद के

लिए संपर्क किया है। इन परिस्थितियों में, क्या आपको लगता है कि नवीनीकरण अभी भी संभव है? लागू नियमों, प्रपत्र, शुल्क आदि के बारे में अपने मुवक्किल को सलाह दें।

## ***भाग – C***

***सभी दो प्रश्नों के उत्तर दें*** **(2 x 15 = 30)**

11. दिनांक 1 जुलाई 2022 को आवेदन संख्या 3022XXX के तहत वर्ग 30 में 'चावल (RICE)' के संबंध में मैसर्स मैरिगो प्राइवेट लिमिटेड (M/s. Marigo Pvt. Ltd.), बेंगलुरु, कर्नाटक (जिसे आगे आवेदक कहा जाएगा) द्वारा शब्द चिह्न 'MARIGO' के पंजीकरण के लिए आवेदन दाखिल किया गया था। आवेदक ने 30 मई 2000 से चिह्न के उपयोग का दावा किया तथा समर्थन अनुलग्नकों/साक्ष्यों के साथ उपयोगकर्ता शपथ पत्र दाखिल किया था। अंततः, उक्त आवेदन का परीक्षण किया गया, उसे स्वीकार किया गया और व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 के प्रावधानों के अनुसार विज्ञापित किया गया। व्यापार चिह्न रजिस्ट्री के आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार, उक्त चिह्न को व्यापार चिह्न जर्नल संख्या 17XX दिनांक 11 मार्च 2024 में प्रकाशित किया गया और उसी दिन जनता के लिए उपलब्ध कराया गया।

    दिल्ली स्थित मेसर्स मारी मैंगो प्राइवेट लिमिटेड (M/s. Mari Mango Pvt. Ltd. जिसे आगे विपक्षी कहा जाएगा) ने 20 मई 2024 को विरोध नोटिस दाखिल कर उक्त आवेदन के पंजीकरण का विरोध किया तथा मुख्य रूप से अधिनियम की धारा 11 और 18 के अधीन विवादित आवेदन के पंजीकरण पर आपत्ति जताई। विरोधी ने 20 मई 2024 के अपने विरोध के नोटिस में तर्क दिया है कि वे 1 अप्रैल 1996 से व्यापार चिह्न 'MANIANGO' के तहत खाद्य वस्तु जिसमें चावल भी सम्मिलित हैं की विस्तृत श्रृंखला के विनिर्माण और विपणन के व्यवसाय में हैं और उनके पास 2323YYY संख्या के तहत एक व्यापार चिह्न पंजीकृत है जो 7 सितंबर 1999 को 'खाद्य वस्तु जिसमें चावल भी सम्मिलित हैं' के लिए इस शर्त के साथ पंजीकृत किया गया था कि बिक्री क्षेत्र दिल्ली और हरियाणा राज्य तक सीमित रहेगी। विरोधी का प्राथमिक तर्क यह है कि आवेदक, आवेदित चिह्न का स्वामी नहीं है, क्योंकि उसने इसे विरोधी के चिह्न से बेईमानी से अपनाया है, जो कि पहले से ही इसका उपयोगकर्ता है, ताकि जनता में भ्रम और धोखा पैदा किया जा सके, जिसके परिणामस्वरूप उनके माल को आवेदक का माल बता दिया जाए।

    19 दिसंबर 2024 को आवेदक को विरोध का नोटिस की तामीली पर आवेदक अपनी ओर से एक प्रति-कथन (Counter statement) दाखिल करने के लिए आपके पास आता है, जिसे व्यापार चिह्न रजिस्ट्री के समक्ष दाखिल किया जाएगा। दिए गए तथ्यों के आधार पर, एक प्रति-कथन का मसौदा तैयार करें, और अपने वादों में विरोधी के बयानों का खंडन करने के लिए सभी संभावित दलीलें दें। तथ्यों और परिस्थितियों के अनुसार अधिनियम और नियमों के प्रासंगिक प्रावधानों का भी उल्लेख करें।

12. कोलकाता की एक मेसर्स मैनिक प्राइवेट लिमिटेड (M/s. Manic Pvt Ltd. जिसे आगे कंपनी कहा जाएगा) 20 अप्रैल 1984 से लगातार चिकित्सा उपकरणों के लिए व्यापार चिह्न 'MANIC' का

उपयोग कर रही है, जो अपने क्षेत्र में एक अग्रणी ब्रांड होने का दावा करती है और इसके पास वर्ग 10 में आवेदन संख्या 789XX, 112XXX, 1312XX, 2876XX, 2955XX, 3012XX, 3875XX और 4765XX के तहत उसके विभिन्न प्रकारों के लिए विभिन्न व्यापार चिह्न पंजीकरण हैं। कंपनी का वर्ग 5 के अंतर्गत आवेदन संख्या 345XX और 2876XX का भी पंजीकरण है। इसके अलावा, कंपनी के पास चीन, जापान, कोरिया, जर्मनी और अमेरिका में वर्ग 10 में भी व्यापार चिह्न पंजीकरण है। कंपनी का दावा है कि भारत और विदेशों में चिकित्सा उपकरणों के विनिर्माण और विपणन के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए कंपनी को कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। आवेदक की कंपनी का वित्त वर्ष 1984-85 में कारोबार 25.5 करोड़ रुपए था, जो बाद के वर्षों में धीरे-धीरे बढ़ता गया और वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 89,230 करोड़ रुपए तक पहुंच गया।

कंपनी आपसे भारत में व्यापार चिह्न रजिस्ट्रार के समक्ष सुविख्यात (Well-known) व्यापार चिह्न के लिए आवेदन दाखिल करने के लिए संपर्क करती है।

आप अपने ग्राहक को व्यापार चिह्न रजिस्ट्रार के समक्ष एक सुविख्यात (Well-known) व्यापार चिह्न आवेदन दाखिल करने के निर्धारित प्रपत्र, शुल्क और प्रक्रिया के बारे में कैसे सलाह देंगे? सुविख्यात व्यापार चिह्न के लिए आवेदन के साथ दाखिल किए जाने वाले मामले का विवरण (Statement of case) भी तैयार करें। आप अपने मुवक्किल के मामले के अनुरूप अधिक तथ्यों की कल्पना करने के लिए स्वतंत्र हैं।

--------------- अंत----------------------